# इंदौर में पीएनजी ज्वेलर्स के स्टोर का भव्य शुभारंभ, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने किया उद्घाटन



शुभारंभ अवसर पर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ गाडगीळ .

**इंदौर. महाराष्ट्र में 192 साल पुरानी विरासत के साथ भरोसेमंद और प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांडों में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने शनिवार को इंदौर में अपने पहले स्टोर का भव्य शुभारंभ किया.** इसके साथ ही पीएनजी ज्वैलर्स ने अपने मूल राज्य के बाहर खुदरा विस्तार की शुरुआत की.

- नया स्टोर पेश करेगा सप्तम, कथा, पोल्मी और एइना कलेक्शन,
- कलेक्शन में दिखेगा परंपरा और आधुनिकता का संगम

यह नया स्टोर ब्रांड की राष्ट्रीय विस्तार यात्रा का एक ऐतिहासिक पड़ाव है.

स्टोर का उद्घाटन फिल्म स्टार माधुरी दीक्षित ने किया. उन्होंने ब्रांड के इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, पीएनजी ज्वैलर्स ने हमेशा विश्वास, परंपरा और कालातीत सुंदरता का प्रतिनिधित्व किया है. इंदौर में इस स्टोर का उद्घाटन करना और ब्रांड को अपनी विरासत व शिल्पकला को एक और जीवंत शहर में लाते हुए देखना वाकई खास है. यहां पर हर किसी के लिए गहना जरूर मिलेगा. यहां की ज्वेलरी में परंपरा और आधुनिकता का संगम देखने को मिलेगा. इंदौर में अतिथि देवो भव वाली बात मुझे साकार होते दिख रही है. यहां लोग आकर हमें इतना प्यार दे रहे हैं. कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी भी उपस्थित थे.


### हमारे मूल्यों से गहराई से जुड़ा है इंदौर

लॉन्च के बारे में पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और प्रबंध-निदेशक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा यह उद्घाटन हमारे लिए एक भावनात्मक मील का पत्थर है क्योंकि हम महाराष्ट्र से आगे बढ़कर एक ऐसे शहर में प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे मूल्यों से गहराई से जुड़ा है. अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परिष्कृत सौंदर्य संवेदनाओं के साथ, इंदौर महाराष्ट्र से कई समानताएं साझा करता है. वास्तव में, इस विस्तार के माध्यम से हम उस ऐतिहासिक पेशवा मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं, जो कभी हमारे क्षेत्रों को जोड़ता था. हमारे लिए इंदौर में प्रवेश न केवल एक रणनीतिक व्यावसायिक कदम है, बल्कि एक तरह से हार्दिक घर वापसी भी है.

### मेकिंग चार्ज पर 50% की छूट

एमजी रोड स्थित नया स्टोर पीएनजी ज्वेलर्स के सबसे प्रसिद्ध संग्रहों को प्रदर्शित करेगा, जो विरासत को समकालीन लालित्य के साथ मिलाते हैं. ग्राहक सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों और कलाकृतियों की एक विस्तृत श्रृंखला देख सकेंगे, जो पारंपरिक कलात्मकता और आधुनिक डिजाइनों, दोनों को दर्शाती हैं. स्टोर लॉन्च के अवसर पर पीएनजी ज्वेलर्स ने घोषणा की है कि सोने और हीरे के गहनों के मेकिंग चार्ज पर 50% की छूट यह विशेष उद्घाटन ऑफर उपलब्ध है, जो सभी उत्पाद श्रेणियों पर 23 अगस्त से 6 सितंबर तक मान्य रहेगा.

## सत्ता के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### चाहत जो अधूरी रह गई

प्रदेश के एक कद्दावर मंत्री की गृह जिले में झंडावंदन करने की चाहत अधूरी रह गई. साहब को पहले तो एक ऐसा जिला झंडावंदन के लिये आवंटित कर दिया गया, जो कि उनके गृह जिले से कम से कम 700 किमी दूर था. बाद में उन्होंने इसे संशोधित कराने का आग्रह किया. उनका आग्रह स्वीकार तो किया गया, लेकिन उन्हें गृह जिले के बजाय एक और दूसरा प्रभार का जिला आवंटित कर दिया गया. अब मंत्रीजी के पास कोई और विकल्प नहीं था, सो उन्होंने फिर प्रभाव का कोई इस्तेमाल नहीं किया और आखिरकार उनकी चाहत अधूरी रह गई.

#### चहल-पहल अब बीते दिनों की बात हो गई

प्रदेशभर में बाढ़ नियंत्रण के लिये एक कंट्रोल सेंटर शहर में बना है. इस आधुनिक सेंटर से प्रदेशभर में नजर रखा जा सकता है. लेकिन इस नजर रखने वाले सेंटर पर लगता है कि अब कुछ नजर लग गई है. इस सेंटर पर पहले जो चहल-पहल थी, वह पूरी तरह नदारत है. पहले विभाग के मुखिया अक्सर ही सेंटर पहुंच जाते थे, सरकार को भी प्राय: बुला लेते थे, लेकिन इस बाद स्थिति बदली नजर आई. यहां सरकार को बुलाने वाले जिम्मेदार की कोई दिलचस्पी इस सीजन में दिखी नहीं, नतीजा सरकार भी बमुश्किल एकाध बार ही पहुंचें. इस रवैये के पीछे साहब के रिटायरमेंट मोड को जिम्मेदार माना जा रहा है.

#### कुछ तो राहत मिली

पिछले दिनों एक प्रशासनिक तबादले में प्रमुख सचिव के स्तर को बड़ी राहत मिली. उनके कंधे पर जिम्मेदारियों का बोझ इतना था कि वे संभाल नहीं पा रही थी. दो बड़े महकमों के साथ ही वे दिल्ली का भी काम देख रही थीं, आखिरकार सरकार ने उनकी सुन ली और किसी दूसरे अधिकारी को एक बड़े महकमे की जिम्मेदारी दे दी गई. बताया जा रहा है कि मैडम दिल्ली जाना चाहती हैं, लेकिन सरकार उन्हें मप्र छोड़ने देगी, इसके कोई आसार नहीं है. ऐसे में वे भी अपनी बात मुखरता से कह नहीं पा रही हैं. फिलहाल जो भी हो, लेकिन उन्हें कुछ तो राहत मिल ही गई है.

#### एक बॉडी लैंग्वेज जो चर्चा का विषय बन गई

पिछले दिनों एक राजनीतिक मुलाकात के दौरान एक बड़े नेता की बॉडी लैंग्वेज चर्चा का विषय बन गई. दरअसल सत्ताधारी दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खंडेलवाल का रूतबा बढ़ गया है. सदन में भी अब उनके पास मंत्री लगातार बैठे दिखे. अब उनके विधानसभा क्षेत्र का कलेवर बदलने के लिये अलग-अलग विभाग अपनी ओर से कार्यक्रम बना रहे हैं, लेकिन इस बीच एक केंद्रीय मंत्री के सामने वे पूरी तरह सम्मान प्रकुटीकरण के एक्स्ट्रीम भाव में दिखे, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री के बॉडी लैंग्वेज में एरोगेंसी नजर आई. नतीजा ये हुआ कि इस मुलाकात ने सोशल मीडिया में खुब सुर्खिया बटोरी.

## एक नजर में

### वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन उज्जैन में 27 को होगा

भोपाल. महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में 27 अगस्त 2025 को प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन रूह मेन्टिक का आयोजन होने जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे. इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट आस्था और प्रवाह, भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन, का विमोचन किया जाएगा. आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे.

### बच्ची से अश्लील हरकत के आरोप में ऑटो चालक गिरफ्तार

सतना. जिले में पुलिस ने एक ऑटो चालक को मासूम स्कूली छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. कोतवाली पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी चालक राजकुमार दाहिया ने 19 अगस्त को स्कूल से घर लौट रही चार साल की मासूम छात्रा के साथ ऑटो में अश्लील हरकत की थी. बच्ची ने घटना की जानकारी परिजन को दी. परिजन ने 20 अगस्त को पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में थी. आरोपी को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

# प्रदेश को देश का नंबर 1 राज्य बनाएंगे : यादव

## माईनिंग कॉन्क्लेव में सीएम ने किया उद्योगपतियों से संवाद, बोले-नीतियां नहीं आएंगी आड़े

### व्यापार को बढ़ावा देने नियमों का किया सरलीकरण




**कटनी,23 अगस्त. माईनिंग कॉन्क्लेव में कटनी पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की संस्कृति है.**

देश और दुनिया के अंदर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे उद्यमी आगे बढ़ रहे हैं. मध्यप्रदेश में भी सभी संभावना है. प्रदेश में किसी बात की कमी नहीं है, पर्याप्त लैंड बैंक, पर्याप्त बिजली है. उन्होंने कहा कि जब पन्ना में हीरा मिल सकता है मध्यप्रदेश में सोना क्यों नहीं मिल सकता है. उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार का मुखिया होने के नाते हमने सभी सेक्टरों में पारदर्शी नीतियां बनाई हैं. पहले हमने इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव किया और अब अलग-अलग सेक्टर में कॉन्क्लेव किया जा रहा है. हेल्थ सेक्टर, ऑटो सेक्टर सहित सभी सेक्टरों में कॉन्क्लेव किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हर एक इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होते हैं. उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि आप बड़े से बड़ा सपना देखो, सरकार आपके साथ खड़ी है. व्यापार में सभी प्रकार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है. सीमेंट, कोयला, कॉपर सहित सभी मिनरल्स का व्यापार किया जाएगा.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए हम भी बढ़ें, आप भी बढ़ें और प्रदेश को देश का नंबर 1 राज्य बनाएं .युवाओं की उन्नति के लिए अवसर उपलब्ध कराएंगे. उद्योगपति अपना रुपए लगाकर रोजगार उपलब्ध कराता है. कार्यक्रम में क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एवं खनन क्षेत्र में एआई, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ और खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के साथ एमओयू किए.

# इंदौर में संघ की महत्वपूर्ण बैठक आज

## शताब्दी वर्ष की तैयारियाँ, भैयाजी जोशी करेंगे रणनीति तय



**इंदौर, 23 अगस्त. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के हालिया प्रवास के बाद अब संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी मध्यप्रदेश पहुंचे हैं. वे इंदौर में संघ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक करेंगे.**

इसमें संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के दौरान प्रदेश के गांव-गांव में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी. बैठक में विशेष रूप से युवाओं और प्रोफेशनल्स को शाखाओं से जोड़ने पर जोर रहेगा. सूत्रों के अनुसार, भैयाजी जोशी शाम तक इंदौर पहुंचेंगे और यहां संपर्क विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे.

जोशी इससे पहले बैतूल में बैठक कर चुके हैं. वहां पंच परिवर्तन, शाखाओं का विस्तार और सेवा कार्यक्रमों पर चर्चा की गई. संघ ने शताब्दी वर्ष की तैयारियों की शुरुआत इंदौर से की है.

### युवाओं और प्रचारकों को जिम्मेदारी

बैतूल बैठक में भैयाजी जोशी ने प्रचारकों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव में शाखाओं की संख्या बढ़ाएं और कॉलेज, आईटी छात्रों व प्रोफेशनल्स को संघ से जोड़ें. शहरों में पथ संचलन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर संवाद और युवाओं को नगर, मंडल व बस्तियों में सक्रिय करने पर भी योजनाएं बनीं. संघ पदाधिकारियों के मुताबिक, विजयदशमी (2 अक्टूबर 2025) से शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम औपचारिक रूप से शुरू होंगे.

# माइनिंग कॉन्क्लेव या भाजपा का खनिज उत्सव!



**कटनी, 23 अगस्त. भाजपा सरकार आज कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन कर रही है. कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री उमंग सिंघार ने इस कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि कॉन्क्लेव स्थानीय बेरोजगारों और प्रदेश के उद्योगपतियों के लिए हो रहा है या फिर विदेशी कंपनियों को लीज देने के लिए.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में डेढ़ हजार से ज्यादा स्थानीय माइनिंग कारोबारियों की अनदेखी कर सरकार बाहर की कंपनियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है. यह स्थानीय कारोबारियों के हक़ पर चोट है. सिंघार ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं से इजाजत लिए बिना खनन हो रहा है. आदिवासियों को बिना मुआवज़े के विस्थापित किया जा रहा है.

### मोरटक्का पुल अक्टूबर तक होगा शुरू

**इंदौर.** मोरटक्का में नर्मदा नदी पर बन रहे पुल का कार्य तेजी से चल रहा है. इसे अक्टूबर तक शुरू करने की योजना है. इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में हुई कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई. बैठक में रेलवे, उद्योग, नेशनल हाइवे और सिंहस्थ से जुड़े मुद्दों की समीक्षा हुई. एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि इंदौर जिले में उद्योगों के लिए 583.943 हेक्टेयर भूमि की मांग की गई है. धार जिले के लालबाग क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है.


**पावरग्रिड सिरोही खंडवा ट्रांसमिशन लिमिटेड**
(पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारत सरकार का उपक्रम, की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय:- कोर-4, स्कोप कॉम्प्लेक्स 7, लोधी रोड, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली -110003, दिल्ली
CIN: U42202DL2024GOI438159
पावरग्रिड कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट नंबर-2, सेक्टर -29, गुरुग्राम-122001, (हरियाणा) फोन: 0124-2571700-719
पावरग्रिड पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016. फोन नंबर: 26560121
Website: www.powergridindia.in

**शुद्धिपत्र**
यह स्थानीय समाचार पत्र में 02.07.2025 को प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के संबंध में है। एतत द्वारा यह सूचित किया जाता है कि औपचारिक रूप से "राजस्थान V पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड" के रूप में जानी जाने वाली कंपनी का नाम बदलकर 'पावरग्रिड सिरोही खंडवा ट्रांसमिशन लिमिटेड' कर दिया गया है। सार्वजनिक सूचना की अन्य सभी शर्तें समान रहेंगी।
**परियोजना प्रभारी, जय राम यादव, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम)**
**पावरग्रिड सिरोही खंडवा ट्रांसमिशन लिमिटेड**
ऑफिस : पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
प्लॉट न 02, गली नं. 01, नेहरू नगर, अंबिका होटल के पास सिरोही, जिला-सिरोही (राज.)-307001
ई -मेल : jry@powergrid.in
NR-1/PR/Corrigendum/15 Paramin
एक महारत्न पीएसयू



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
W/623/5/1/NIT — दिनांक: 21.08.2025
**ई-टेण्डरिंग नोटिस**
मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. | बयाना राशि रु. | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-91 | 4,26,00,552.39 | 3,63,000/- | 12 Months |
| | Ratlam - Providing 20 Units Type II Quarters in lieu of abounded quarters No. T2-T-4 & 983, 984, 987, 989 (Composite- Civil + Electrical). | | | |
| | **Similar type of work**: Construction of any Building Work. | | | |

**अनुमानित मात्रा:** As per tender schedule. **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 21.08.2025. निविदा खुलने की तिथि: 15.09.2025.** विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**मण्डल रेल प्रबंधक(कार्यलेखा), पश्चिम रेलवे, रतलाम मण्डल**
SPAN/5/1/202
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


# पीओपी की प्रतिमा पर रोक लगाकर कलेक्टर ने स्वयं बनाई मिट्टी की मूर्ति

- विधायक, सभापति, भाजपा अध्यक्ष ने परंपरागत मूर्ति निर्माण का लिया संकल्प
- 35 स्कूलों के 5000 छात्र-छात्राओं ने एक साथ मिट्टी के गणेश किए निर्मित
- रासायनिक रंगों पर भी प्रतिबंध, खरीदी बिक्री पर होगी कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सकारात्मक बदलाव की शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए, यह संदेश देते हुए उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सीएम ने न सिर्फ पीओपी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण व खरीदी बिक्री पर रोक लगाई बल्कि स्वयं भी मिट्टी से गणेश मूर्तियां निर्मित करने की पहल करते हुए अपने अनुभव साझा किए.**

नवभारत से चर्चा में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने बताया कि लोकमान्य तिलक संस्थान द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मिट्टी के गणेश निर्मित करने की जो परंपरा है, उसका निर्वहन किया गया. आगर रोड पर कृषि उपज मंडी में मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का आयोजन हुआ, जिसमें नेता कार्यकर्ताओं से लेकर छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों द्वारा भाग लिया गया.

### 5000 विद्यार्थियों ने बनाए मिट्टी के गणेश

उज्जैन में एक ऐतिहासिक आयोजन भी हुआ. चिमनगंज मंडी प्रांगण में लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित आओ बनाएँ मिट्टी से श्री गणेश कार्यक्रम में 5000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ अपने हाथों से मिट्टी के गणेश बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया.

कार्यक्रम संयोजक एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों ने उज्जैन की धरती पर इतिहास रचा है और यह धार्मिक परंपरा एवं पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम है.

### जब कलेक्टर बनाने लगे मिट्टी के गणेश

जिलाधीश रोशन कुमार सिंह ने भी आयोजन को सराहते हुए कहा कि आगामी त्योहारों में पीओपी व केमिकल की मूर्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इसका सख्ती से पालन होगा. कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मिट्टी हाथ में ली और भगवान गणेश की प्रतिमाएं निर्मित करने लगे, उसे देखकर छात्र-छात्राएं भी कलेक्टर के पास आए और उन्होंने भी मिट्टी की मूर्तियां बनाई.

### मूर्तियां जब्त कर होगी कार्रवाई

पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस), पकी हुई मिट्टी, केमिकल एवं अन्य रासायनिक वस्तुओं से मूर्तियों का निर्माण, विक्रय, बाहर से लाना या बाहर भेजना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा. साथ ही मूर्तियों पर केवल प्राकृतिक व गैर-विषैले रंगों का ही उपयोग किया जा सकेगा. आदेश के उल्लंघन पर स्थानीय निकाय मूर्तियों को जब्त कर उनका निपटान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2000 के तहत करेंगे. साथ ही विषैले केमिकल रंगों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे प्रतिमाओं का रंग रोगन न किया जाए.

### गौरव के पल : महापौर

महापौर मुकेश टटवाल ने इसे उज्जैन के लिए गौरव का क्षण बताया तो निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि यह अवसर प्रेरणादायी है, जब हमें धार्मिकता के साथ पर्यावरण बचाने का संकल्प लेना चाहिए. भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की शिप्रा संरक्षण योजनाओं का उल्लेख करते हुए समिति की पहल को सराहनीय बताया.

### जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

जिले में धार्मिक आयोजनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं. आदेश के तहत अब जिले में मूर्तियों और प्रतिमाओं के निर्माण में केवल परंपरागत मिट्टी एवं प्राकृतिक सामग्रियों का ही उपयोग किया जाएगा.

# प्रदेश के कई जिलों में होगी मूसलाधार बारिश

- मंदसौर, नीमच समेत अन्य जिलों में आरेंज अलर्ट जारी



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. मप्र में मूसलाधार बारिश का आसार तीन दिनों तक बना रहेगा. अगले 24 घंटे के दौरान मंदसौर और नीमच जिलों मूसलाधार बारिश के आसार बने हैं. इन जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है.**

मौसम विभाग ने प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. प्रदेश में मानसून ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के सक्रिय होने के चलते मूसलाधार बारिश का दौर जारी है. मौसम विभाग के अनुसार रविवार को मालवा, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, शिवपुरी, मुरैना, गुना, राजगढ़, शाजापुर, आगर सहित जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 27 अगस्त तक प्रदेशभर में बारिश का दौरा जारी रह सकता है.

> मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, डेहरी, पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में बने निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र से होकर पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व तक विस्तृत है. 25 अगस्त के आसपास ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर एक नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है.


**वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड**
WONDER HOME FINANCE — Zindagi Ki Perfect Shuruaat
कॉर्पोरेट ऑफिस : 620, छठवीं मंजिल, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017, टेलीफोन: 0141- 4750000
**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**
कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारों द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.एन. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार " वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 " की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशि जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रूपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13 ( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूची के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारंटर का नाम एवं ऋण खाता संख्या | धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) LN20041HC22-23010755, श्री पिरु लाल पिता श्री मोहन लाल ( ऋणी ), श्रीमती रेखा बाई ( सह-ऋणी ), श्री सुनील कुमार ( सह-ऋणी ), श्री शीनारायण लोहार ( गारंटर ) | 18/08/2025 Rs. 4,57,904.02 चार लाख सत्तावन हजार नौ सौ चार रुपये और दो पैसे मात्र 8/8/2025 तक | श्री पिरु लाल पिता श्री मोहन लाल की संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित पी.एच.एन. 38, वार्ड नंबर 02, कदोदिया रोड तिराहे से नयापुरा मेन रोड के अंदर, मकान नंबर 26, माकडोन, तहसील माकडोन, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश-456668 क्षेत्रफल लगभग 555.00 वर्गफीट |

दिनांक: 23-08-2025 स्थान: उज्जैन, मध्य प्रदेश प्राधिकृत अधिकारी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60